05- JUL- RAG Bhoomi- p-1_Layout 1 7/5/2024 9:34 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 6 जुलाई 2024

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4 कानून में संशोधन के साथ ही परिवर्तन धाराएं लागू



**खबर संक्षेप**

### खाद-बीज की कमी से जूझने लगे किसान



**रायगढ़।** खरीफ की फसल के लिए किसान खेत की तैयारी में जुटे हैंए लेकिन प्रशासन की कोई तैयारी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में न तो खाद है न बीज। जिससे किसानों के हित की बात कोरी साबित हो रही है। किसान खेतों को छोड़ कर खाद बीज के जुगाड़ में लगा हुआ है। सारंगढ के बरमकेला में किसान कभी बाजार तो कभी कृषि विभाग तो कभी सोसायटी के चक्कर काट रहे है। ऊपर से किसान खाद.बीज तक का इंतजाम नहीं कर पा रहा है। मानसून का सीजन चल रहा हैए ऐसे में खरीफ की खेती के लिए किसान खेतों में यूरिया पोटास. डीएपी खाद की किल्लत से किसान बेहाल हैं। ऐसे में खाद और बीज को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है।

### तहसीलदार ने ली पटवारियों की बैठक



**पुसौर।** तहसील कार्यालय पुसौर के बैठक कक्ष में क्षेत्र के सभी हल्का पटवारियों के साथ तहसीलदार नेहा उपाध्याय एवं नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा ने बैठक किया। इस बीच इन्होंने इन्हौंने राजस्व वसुली, नक्षा बटांकन, स्वामित्व योजना की प्रगति, भूमिस्वामी खातों में आधार लिंक, मोबाईल एवं किसान किताब की प्रविश्टि आदि विशयों पर विस्तृत समीक्षा की साथ ही शासन के निर्देशानुसार 6 जुलाई से राजस्व पखवाडा प्रारंभ होना है इसके लिए हल्का पटवारी गण किसानों के दस्तावेज दुरूस्त रखना है जिसमें कि पखवाडा के बिच संबंधित किसान को उसके दुस्तावेज मुहैया किया जा सके। ज्ञात हो कि पिछले कई महीनों से अभिलेख शुद्धता का कार्य तहसील कार्यालय में जारी है जिसके लिए संबंधित सभी कार्यवाहियां अख्तियार किए जा रहे हैं।

### भटगांव में भीम आर्मी प्रमुख सांसद चंद्रशेखर की सभा



**सरसींवा।** नगर पंचायत भटगांव में भीम आर्मी चीफ और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद का गुरुवार को जनसभा कार्यक्रम का आयोजन था जनसभा कार्यक्रम में पहुंचने पर भीम आर्मी एवं सतनामी समाज के पदाधिकारीयों ने ताली बजाकर उनका जोशीला स्वागत किया। इसी दौरान भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े के पिता जब अपने बेटे का दर्द बता कर रोने लगे और कहा की वह निर्दोष है पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद ने कहा आपके बेटे के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा।

### दुकान में लगी आग सामान जलकर खाक

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ बस स्टैण्ड के एक दुकान में आज सुबह भीषण आग लग गई जिससे दुकान की सारा समान जलकर खाक हो गया। स्थानीय निवासियों के साथ.साथ पुलिस प्रशासन द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। ड्रीम गर्ल कलेक्शन के नाम से संचालित दुकान में किसी कारण वश आग गईए भारी मश्कत के बाद आग पर तो काबू पाया गया, लेकिन दुकान में रखे सारा समान पूरी तरह से चल कर राख हो गया, वहीं आग का लपेटा इतना तेज था की बगल के मोबाईल दुकान में भी आग लग गया है। जिस बुझाने के लिए पुलिस प्रशासन एवं नगर पंचायत की टीम लगी हुई है। आग किस कारण लगा इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हुई है, संदेह है कि शार्ट सर्किट से हुआ होगा।

# कोलवाशरी के मालिकाना हक को लेकर दो गुटों में चली गोली, आधा दर्जन घायल

**250 लोगों पर अपराध दर्ज**

## हिरासत में तीन दर्जन संदेही, हिमगिर के गर्जनबहाल की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हिमगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्जनबहाल में स्थित कोलवाशरी में मालिकाना हक, साझेदारी व कोयला परिवहन को लेकर दो गुटों में गुरूवार की शाम को जमकर विवाद हो गया। यह विवाद मारपीट व गोलीबारी तक जा पहुंचा। बताया जा रहा है कि इस घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। वहीं करीब 200 से 250 संदेहियों पर हिमगीर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

वहीं सूत्र बता रहे है कि इस मामले में पुलिस ने करीब तीन दर्जन संदेहियों को हिरासत में भी लिया है, जिनसे पूछताछ चल रही है। वहीं कई संदेही अब भी फरार है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच हिमगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्जनबहाल कार्यरत एक कर्मचारी राज यादव निवासी सुनारीपाड़ा जिला सुंदरगढ़ ने हिमगीर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को अपने बयान में बताया कि रायगढ़ के भरत अग्रवाल, रविंन्द्र भाटिया व उसके पुत्र, निर्मल शर्मा सहित करीब 200 से 250 लोग दो दर्ज चारपहिया वाहनों में कोलवाशरी पहुंचे और उसे तथा उसके साथी बादल सिंह, आकाश यादव व मंटू तोलानी पर तलवार, लोहे की रॉड सहित डंडो से मारपीट करने लगे।

प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आगे बताया कि कोल वाशरी पहुंचे लोगों ने कार क्रमांक ओडी 16 डी 6868 में तोड़फोड किया और उनसे से किसी एक व्यक्ति ने पिस्टौल से 10 से 15 राउंड गोली भी चलाई। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि पिस्तौल की नोंक पर आरोपियों ने नगदी, सोने की लॉकेट, मोबाइल आदि सामान भी छीन लिए। बताया जा रहा है कि आकाश और बादल नामक दो युवकों को अगवा करने की भी बात सामने आ रही है।

### अस्पताल भी पहुंचे पुलिस अधिकारी

जानकारी के अनुसार दो घायलों को यहां राजप्रिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रात को हिमगीर एसडीओपी हिमांशु बेहरा सहित अन्य पुलिस अधिकारी राजप्रिया अस्पताल पहुंचे थे, बताया जा रहा है कि दोनों का बयान पुलिस ने दर्ज कर लिया है।



### मौके पर पहुंचे सुंदरगढ़ एसपी

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम करीब 5 से 6 बजे जब यह घटना हुई तो वहां भगदड़ मच गई। वहां कार्यरत कर्मचारी व मजदूर गोली चलने की आवाज सुनने के बाद अपनी जान बचाने जंगल की ओर जा कर छिप गए। वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही सुंदरगढ़ पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस के तमाम आलाधिकारी मौके पर पहुंचे।



### छिपे हुए आरोपियों की तलाश शुरू

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस वारदात के बाद कई आरोपी अंधेरे का फायदा उठाते हुए वहां से भागने में कामयाब हो गए। बताया जा रहा है कि इस घटना में पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेते हुए पूछताछ प्रारंभ कर दी है। वहीं बताया जा रहा है कि मौके से फरार हुए आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ कर दी गई है।



### गोली चलने की बात पर पुलिस का इनकार

हिमगीर पुलिस थाने में रिपोर्टकर्ता ने घटना स्थल पर पिस्तौल से गोली चलने की बात कही है, वहीं इससे कुछ लोग घायल होना भी बताया है। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने गोली चलने की बात से इनकार कर रही हैं। जांचकर्ता अधिकारी प्रशांत कुमार साहों की माने तो घटना स्थल पर मेटल डिक्टेक्टर से भी जांच की गई, किंतु बुलेट के शैल नहीं मिले। हालांकि पुलिस जांच करने की बात भी कह रही है।

## आरटीओ उड़नदस्ता ने चार दिन में वसूला 15 लाख से ज्यादा का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले की सडक़ों पर नियम विरुद्ध दौड़ रही भारी वाहनों पर आरटीओ उडऩदस्ता की टीम ने कहर बरपाते हुए महज चार दिनों में 601 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 15 लाख 52 हजार 635 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की। जिसमें मोटरयान अधिनियम, मोटरयान अधिनियम के तहत मालयान से प्राप मोटरयान कर व मोटरयान अधिनियम के तहत जब्त वाहनों की कार्यवाही की गई है।

उडऩदस्ता की इस ताबड़तोड़ कार्यवाही से ओवरलोड व नियम विरुद्ध भारी वाहन चलाने वाले वाहन चालकों सहित वाहन मालिकों में हडक़ंप मचा हुआ है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक आरटीओ विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि जिले में ओवरलोड व नियम विरुद्ध भारी वाहन जिले की सडक़ों पर बेरोकटोक दौड़ रही है। जिसे परिवहन विभाग ने गंभीरता से लिया और इन पर कार्यवाही करने की जिम्मेदारी आरटीओ उडऩदस्ता टीम को दी। 1 जुलाई से 4 जुलाई तक इस टीम ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए 601 भारी वाहनों पर जुर्माना व जब्ती की कार्यवाही की है। बताया जाता है कि उडऩदस्ता की टीम ने मोटरयान अधिनियम के तहत 586 भारी वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 15 लाख 2 हजार 300 रुपए का जुर्माना वसूल किया। तो वहीं मोटरयान अधिनियम के तहत मालयान से प्राप मोटरयान कर दो वाहनों से 50335 रुपए वसूल किए।



इसके अलावा फ्लाईएस का ओवरलोड परिवहन कर रहे 13 वाहनों को दबोचा गया, जिनमें से 4 से 9 टन फ्लाईएस ओवरलोड पाए जाने पर इन वाहनो को जब्त कर धरमजयगढ़ थाना, रैरुमा चौकी सहित अन्य थानों मे रखा गया है। जिन पर सख्त कार्यवाही के साथ साथ जुर्माना भी किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि ओवरलोड वाहनों का मामला बहरहाल पेंडिंग है। आरटीओ उडऩदस्ता से मिली जानकारी के मुताबिक जिन वाहनों पर कार्यवाही की गई है उनमें अधिकांशतः हाईवा वाहन है, जो बगैर तिरपाल, ओवरलोड, प्रेशर हार्न, नो पार्किंग की खामियां पाई गई। साथ ही ऐसी वाहनों पर भी कार्यवाही की गई है जो वाहन दिगर प्रांतों है और बगैर परमिट के जिले की सडक़ों पर दौड़ रही थी। उडऩदस्ता की इस कार्यवाही से वाहन चालकों सहित मालिकों में भी हडक़ंप मचा हुआ है। आरटीओ उडऩदस्ता का यह कहना है कि यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### 72 घंटे बाद भी ज्वेलरी के लुटेरों का कोई पता नहीं

**रायगढ़।** शहर के चक्रधर नगर चौक में 3 दिन पहले मंगलवार की रात ओम ज्वेलर्स के पास से लाखों रुपए की लूट के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। जबकि घटना को 48 घंटे से अधिक समय बीत चुका है। बताया जा रहा है कि शहर के ओम ज्वेलर्स में मंगलवार की रात सवा 9 बजे हुई करीब 35 लाख के सोने चांदी के जेवरातों की लूट के मामले में पुलिस ने चार टीम बनाकर अलग-अलग क्षेत्रों के लिये रवाना किया है। इसमें सायबर टीम के साथ-साथ तीन और टीम शामिल है तथा घटना के बाद फरार हुए आरोपियों के रूट को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर उनकी पतासाजी तथा पहचान करने में पुलिस लगी हुई है। मगर ऐसा अनुमान है कि 48 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के कारण दोनों कथित आरोपी पुलिस की पहुंच से फिलहाल बाहर हैं और उनके किसी दूसरे प्रांत में होनें की आशंका जताई जा रही है। हालांकि हमारे संवाददाता ने इस संबंध में जब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि आरोपियों की पतासाजी के लिये बनाई गई चार टीम लगातार उनकी खोजबीन में लगी है और जल्द ही दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## पदाधिकारी के खिलाफ कांग्रेस विधायक के नेतृत्व में चक्काजाम व बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

समीपवर्तीय सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत भटगांव मे करोड़ों के निर्माण कार्यों पर लगभग 15 दिन पहले कांग्रेस के कार्यकर्ता द्वारा भ्रष्टाचार होने की आशंका जताते हुए कलेक्टर और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन कार्रवाई नहीं होने के विरोध में कांग्रेस ने चक्काजाम व बंद का आह्वान किया है।

आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ के द्वारा, विधायक कविता अपना लहरे के नेतृत्व में नगर बैंड और चक्का जाम की कार्रवाई प्रारंभ हुई है। नगर विकास के सम्बन्ध मे 10 सूत्रीय मांगो को लेकर चक्का जाम कर दिया गया हैं। कांग्रेस के आह्वान पर व्यापारी संघ, फुटकर व्यापारी, सब्जी मार्केट और यहाँ तक स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेसी अपने ही पूर्व विधायक चंद्रदेव राय के खिलाफ या वर्तमान कांग्रेसी नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा और उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे के खिलाफ यह



चक्काजाम व बंद किया गया है। विचारणीय प्रश्न यह है कि दिसंबर 23 तक छग के सत्ता पर कांग्रेस की भूपेश सरकार बैठी थी और नपं भटगांव में 2019 से 24 तक कांग्रेस सत्ता पर काबिज है, तो क्या अपने ही पूर्व विधायक और वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ कांग्रेसी ही जाम और बंद का आह्वान कर बंद करने में सफल रहे। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला ही नहीं यह प्रदेश के लिए एक मिशाल कायम होगा कि पूर्व कांग्रेस विधायक के खिलाफ वर्तमान कांग्रेस विधायक चक्का जाम की है या यह कहे कि वर्तमान ब्लाक का कांग्रेस कमेटी वर्तमान नपं भटगांव में विराजमान कांग्रेस अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ बंद और चक्का जाम का आह्वान किया है। विदित हो कि बस स्टैंड मे 7.15 तक चक्का जाम का असर नहीं दिखा तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्थान बदल कर बिर्रा चौक भटगांव मे 7.30 बजे से चक्का प्रारम्भ कर दिया गया है, जिससे अब भटगांव सरसींवा रोडए भटगांव चाम्पा रोड और भटगांव गिधोरी रोड बंद हो गया। 8.30 बजे तक बिर्रा रोड दुर्गा मंदिर के पास कांग्रेस के लगभग 20 कार्यकर्ता ही नज़र आए जबकि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर सैकड़ों कार्यकर्ता दिखने चाहिए थे।

## बाल सुधार गृह में इलेक्ट्रिक प्रशिक्षण का शुभारंभ

**तमनार।** जेएसपी फाउण्डेशन जेपीएल तमनार बाल सुधार गृह रायगढ़ में निवासरत बच्चों में कौशल दक्षता का विकास कर उनको रोजगार व स्व रोजगार से जोड़ने हेतु दो माह का बेसिक इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ 2 जुलाई को जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप व जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अतुल दांडेकर के मार्ग दर्शन व नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष सीएसआर जेपीएल तमनार ऋषिकेश शर्मा, जिला बाल संरक्षण प्रभारी अधिकारी प्रकाश ठाकुर, प्रचार्य ओपीजेसीसी आलोक झा, बाल संरक्षण समिति सदस्य लक्ष्मी प्रसाद पटेल, जेजे बोर्ड सदस्य श्रीमती दिव्या तिवारी,




विधिक परीविक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह क्षत्रीय, राजेश रावत सहायक महाप्रबंधक सीएसआर जेपीएल, श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय ओपीजेसीसी एवं बाल सुधार गृह के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर शुरू किया गया।

## राष्ट्रीय कथक प्रतियोगिता में सौम्या एवं यामी ने लगाई प्रथम पुरस्कार की हैट्रिक



**रायगढ़।** कृष्णा ललित कला महाविद्यालय के द्वारा प्रदेश की राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता ष कौशल महोत्सव का आयोजन 2 जुलाई से 7 जुलाई के बीच किया गया है। प्रतियोगिता में देशभर से सैकड़ो प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में सौम्या नामदेव ने जूनियर एवम यामी ने सब जूनियर वर्ग में माँ वैष्णवी संगीत महाविद्यालय एवम रायगढ़ शहर का प्रतिनिधित्व किया। सौम्या ने जूनियर वर्ग में 10 मिनिट का एकल कत्थक प्रस्तुति करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया एवम यामी ने सब जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि वर्ष में सौम्या एवम यामी ने राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान की हैट्रिक लगाई है। जनवरी बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता अमृत ध्वनिष जून में ओडिसा के पुरी में आयोजित राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता तारांगण के बाद जुलाई में रायपुर में आयोजित इस राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता ष्कौशल महोत्सवष में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जीत की हैट्रिक लगाई है। सौम्या नामदेव रायगढ़ के ओपी जिंदल स्कूल की कक्षा 8वी की छात्रा है, सौम्या अपनी कत्थक की शिक्षा माँ वैष्णवी संगीत महाविद्यालय में गुरु प्रीति रूद्र वैष्णव एवम रूद्र प्रीति वैष्णव के सानिध्य में पिछले 5 वर्षो से ले रही है।

## शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाला राजस्थान से गिरफ्तार

**रायगढ़।** शेयर बाजार में मोटे मुनाफे का लालच देकर महिला से ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रायगढ़ पुलिस की टीम द्वारा शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के एक सदस्य को अलवर राजस्थान से गिरफ्तार कर लाया गया है।



बेलादुला निवासी महिला द्वारा ऑनलाइन ठगी की लिखित में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला बताई कि मार्च में के वेबसाईट को गलती से ओपन की जिससे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसे व्हाटअप ग्रुप में जोड़ दिया गया जिसमें शेयर मार्केट में निवेश करने पर लाभ अर्जित करने का मोटीवेशनल पोस्ट दिखाया गया, जिससे प्रभावित होकर महिला ने 08 अप्रैल से 18 मई के मध्य के शेयर में 87,41,000 रुपए निवेश की। पीड़ति महिला जब के आधिकारिक वेबसाईट से सम्पर्क की तो फर्म के द्वारा बताया गया कि फर्म का कोई भी व्हाट्सएप ग्रुप नहीं है। महिला के आवेदन पर दो मोबाइल धारकों के विरूद्ध धारा 420 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**प्रस्तावित वन भूमि पर आपत्ति के बाद घर तोड़कर टंकी निर्माण की तैयारी**

# जिन घरौंदों को बचाने रेललाइन की दिशा बदली उन्हें पानी टंकी बनाने के लिए ढहाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी योजनाओं को पूरा करने के नाम पर प्रशासनिक मनमानी लगातार आम जनता पर भारी पड़ रही है और इसका खामियाजा शहर से लेकर गांव तक आम जनता भुगत रही है।

ताजा मामला तमनार के कसडोल से सामने आया है, जहां एक जल समूह योजना अंतर्गत पानी की टंकी बनाने के लिए करीब एक दर्जन ग्रामीणों के घर पर बुलडोजर चलाकर भरी बरसात में उन्हें बेसहारा कर दिया गया। हांलांकि यह टंकी बेनीपाठ में जिस जगह पर प्रस्तावित है वह वन भूमि है और



अधिक पेड़ अपने की संभावना के कारण वन विभाग ने टंकी बनाने की अनुमति नहीं मिलने के बाद कसडोल में आठ गरीब ग्रामीणों के घर अतिक्रमित भूमि पर निर्माण बताकर तोड दिए गए। इस संबंध में कसडोल पंचायत की सरपंच उमावती राठिया ने बताया कि उनके द्वारा तहसीलदार के नोटिस के बाद घर तोडने की कार्यवाही के विरुद्ध आपत्ति करते हुए जिला प्रशासन से लेकर निर्वाचित प्रतिनिधियों तक के पास आरजू मिन्नत की गई लेकिन इसका कोई असर ना पड़ा। पानी की टंकी बनाने के लिए जिनके घर बरसात में अतिक्रमण दर्शाकर तोडे गए वे तमाम परिवार सिर छुपाने की जगह खोजते गांव गांव भटक रहे हैं।

### भूपेश सरकार ने बदली थी रेल लाईन की दिशा

कसडोल के ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले तोडे गये ग्रामीणों के घर से होकर रेल लाइन का निर्माण होना था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद सभी प्रभावित ग्रामीणों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंट कर अपने घरौदें बचाने का निवेदन किया था । इस पर तत्कालीन सीएम ने ग्रामीणों को राहत देने प्रस्तावित रेल लाइन की दिशा मोड़ दी थी और उसे गांव के नजदीक दूसरी दिशा से आगे बढ़ाया। करीब तीन साल बाद रेल लाइन से बचने अब उन्ही घरों को पानी टंकी निर्माण के लिए तोड़ दिया गया।

### अतिक्रमित निर्माण को तोड़ा

कसडोल में पानी टंकी बनाने के लिए जिस स्थल का चयन किया गया है वहां 8 लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर घर बनाया गया था जिसे नोटिस तामील कर तोड़ा गया है।

-ऋचा सिंह
तहसीलदार, तमनार

### नहीं सुनी कोई बात

ग्रामीणों का घर तोडने की कार्यवाही के पहले जिला प्रशासन से लेकर नेताओं तक से कार्यवाही रोकने की मांग की गई। गांव में बहुत खाली जमीन है फिर भी टंकी बनाने के लिए उनके घर तोडकर जगह तैयार की गई।

-उमावती राठिया
सरपंच, कसडोल।

## गुप्त नवरात्र आज से, घोड़े पर सवार होकर आएंगी माता रानी

**रायगढ़।** हिंदू पंचांग के मुताबिक आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्र शनिवार से शुरू हो रही है और इसका समापन 15 जुलाई को होगा। इस बार चतुर्थी तिथि की वृद्धि होने के कारण नवरात्र 10 दिनों की होगी। प्रतिपदा तिथि में घर व मंदिर में कलश स्थापना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष में चार नवरात्र का त्योहार मनाया जाता है।

चैत्र और शारदीय नवरात्र में माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। गुप्त नवरात्र में माता दुर्गा के 10 महाविद्याओं की तांत्रिक विधि से पूजा की जाती है। वहीं गुप्त नवरात्र की शुरुआत के दिन अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा हैए जो शुभ माना जाता है। घट स्थापन का शुभ मुहूर्त शनिवार सुबह 5:11 से 7:26 बजे तक हैं। इस मुहूर्त में कलश स्थापन नहीं कर पाने पर

प्रतिपदा तिथि 6 जुलाई . मां काली।
द्वितीया तिथि 7 जुलाई मां तारा।
तृतीया तिथि 8 जुलाई . मां त्रिपुरसुंदरी।
चतुर्थी तिथि 9 जुलाई मां भुवनेश्वरी।
पंचमी तिथि 10 जुलाई. मां छिन्नमस्ता।
षष्ठी तिथि 11 जुलाई. मां त्रिपुरभैरवी।
सप्तमी तिथि 12 जुलाई. मां धूमावती।
अष्टमी तिथि 13 जुलाई. मां बगलामुखी।
नवमी तिथि 14 जुलाई. मां मातंगी।
दशमी तिथि 15 जुलाई . मां कमला।

अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11 से लेकर दोपहर 12 बजे तक कर सकते है। पं.भूषण शास्त्री ने बताया कि नवरात्र में माता दुर्गा के वाहन का विशेष महत्व होता है। दिन के हिसाब से माता दुर्गा घोड़े पर सवार होकर धरती पर आने वाली है। माना जाता है कि जब घोड़े पर सवार होकर माता दुर्गा आती है, तो प्राकृतिक आपदा की आशंका होती है।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने सर्वाधिक अंक से उत्तीर्ण छात्रों को किया सम्मानित

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में वर्ष 23-24 की 10वीं,12वीं की परीक्षा में सर्वाधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले छात्र, छात्राओं सहित अभिभावक को सम्मानित किया। विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा नव प्रवेश शाला उत्सव के अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में वर्ष 2023-24 शिक्षा सत्र में विद्यालय के कुमारी श्रेया वर्मा पिता मनोज वर्मा माता निर्मला वर्मा को 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 96.16 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने तथा विद्यालय के अन्य छात्रों को 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया।

### लापता दो छात्रों के इंदौर में होने की मिली जानकारी

**बिश्रामपुर।** मार्निंग वॉक पर निकले दो छात्रों के अचानक लापता हो जाने के चार दिन गुजरने पश्चात उनके इंदौर में होने की सूचना प्राप्त हुई है।सूचना मिलने पर माइनर्स कॉलोनी निवासी परिजन ने सुकून की सांस ली है। जानकारी के अनुसार परिजन अब उन्हें लेने के लिए इंदौर रवाना हो गए हैं। गौरतलब है कि नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित स्वामी विवेकानंद इंग्लिश मीडीयम स्कूल के कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत दो किशोर क्रमशः सौरभ महाराणा आ. संतोष महाराणा 13 वर्ष व रोहित गुप्ता आ. नरेश गुप्ता 15 वर्ष एक जुलाई को प्रातः करीब चार बजे घर से प्रतिदिन की भांति मार्निंग वॉक पर स्टेडीयम जाने के लिए अपने घर से निकले थे। मार्निंग वॉक से दोनों बच्चे जब वापस घंटों बाद तक नहीं लौटे तब परिजन द्वारा उनकी तलाश शुरू की गई और मामले की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी गई। पुलिस ने सूचना पर अपहरण का मामला दर्ज कर बच्चों की तलाश के लिए स्कूल प्रबंधन सहित रिश्तेदारों व उनके स्कूली मित्रों से पूछताछ की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका था। मित्रों से पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि दोनों बच्चे जगन्नाथपुरी जाने की बात कर रहे थे तथा उनके पास 900 रुपए भी होने की जानकारी मिली है जिसके आधार पर पुलिस उनके घर के आसपास रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की सीसी टीवी फुटेज खंगालने में जुटी थी। एक सीसीटीवी फुटेज में सुबह क़रीब साढ़े चार बजे दोनों छात्र बैग टांगकर पैदल भटगांव रोड जाते देखे गए थे।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिहारपुर।** चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम बेगारीडांड में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बेगारीडांड निवासी चंदर साय (30वर्ष) गुरूवार को अपने खेत की सिंचाई करने गया था। वह मोटर पंप के बिजली तार को दूरूस्त कर रहा था। इस दौरान करंट की चपेट में आने के कारण वह अचेत होकर गिर पड़ा। सूचना पर परिजन तत्काल उसे स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की करंट से मौत होने से परिवार के सदस्य सदमें में हैं।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** पिकअप की टक्कर व बाइक से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम भुलसी कला निवासी राजेश प्रजापति आ. पलाम प्रजापति (24 वर्ष) शहर में रहकर ऑटो चलाने का काम करता था। मंगलवार को ऑटो से नया बस स्टैंड जा रहा था और जैसे ही बस स्टैंड चौराहा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम भस्हा मुडा निवासी इन्द्रासो बाई पति स्व. नवल साय (65 वर्ष) 6 जून को पोता रवि सिंह के साथ बाइक से रूपए निकालने सूरजपुर बैंक आई थी। रुपए निकालने के बाद जब वापस घर लौटने लगे तभी सड़क पर कुत्ता से टकरा जाने से गिर गए। दुर्घटना में इन्द्रासो सिर में चोट लगने गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल को बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा को मेडिलक कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वृद्धा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल से रायपुर रेफर कर दिया गया। परिजन गत दिन रायपुर से छुट्टी कराकर घर लेकर आ रहे थे तभी रास्ते में वृद्धा की तबीयत बिगड़ गई। परिजन वृद्धा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### ग्रामीण के आंगन में खड़ी बाइक को ले गए चोर

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के कंदरई देवल्लापारा मोहल्ला निवासी अमर देव पिता हंकार सिंह के आंगन में खड़ी की गई बाइक सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 29 ए एफ 8954 को अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।घटना दो दिन पहले 2 जुलाई की बताई गई है।

एनएच 130 पर अलकापुरी में हुई घटना, अन्नप्रासन में टेंट लगाकर लौट रहे थे दोनों युवक

# हाइवा की टक्कर में जनपद अध्यक्ष के पुत्र समेत दो युवकों की मौत



घटना स्थल पर लोगों की भीड़, इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर/डांड़गांव

**खास बात**

- ओवरटेक करने के चक्कर में हुई घटना

एनएच 130 पर अलकापुरी डेंजर जोन में तब्दील हो गया है। आए दिन लोग एनएच पर दुर्घटना के शिकार हो रहे है। बीती रात पुनः एनएच पर एक तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आकर जनपद अध्यक्ष के पुत्र समेत दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद युवकों की बाइक हाइवा के नीचे फंस गई। इस दुर्घटना में सिर पर गंभीर चोट आने से दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को अस्पताल भेजा गया। वहीं आज सुबह शवों का पीएम करने के बाद उन्हें परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक टेंट पंडाल का काम करते थे और बीती रात भी टेंट लगाकर अपने गांव वापस लौट रहे थे।

बता दें कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी के जगन्नाथपुर निवासी 32 वर्षीय आशीष पैकरा समाजसेवी गंगाराम पैकरा व जनपद अध्यक्ष लखनपुर मोनिका सिंह के पुत्र थे। आशीष खुद का टेंट का व्यवसाय भी करते थे। बुधवार की रात आशीष अपने साथी 30 वर्षीय सेवक राम के साथ अन्नप्रासन कार्यक्रम में टेंट लगाने लखनपुर गए थे और टेंट का काम करने के बाद बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 6727 से वापस उदयपुर लौट रहे थे। रात लगभग 9 बजे अलकापुरी पेट्रोल पंप के समीप उन्होंने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया इसी दौरान उदयपुर से अंबिकापुर की ओर जा रहे हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 15 डीपी 2499 से युवकों की टक्कर हो गई। दुर्घटना में सिर कुचलने से आशीष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सेवक राम राजवाड़े भी सड़क पर जाकर गिरा और रगड़ खाकर सिर में लगी चोट के कारण उसकी भी मौत गई। घटना के बाद युवकों की बाइक हाइवा के नीचे फंसी थी जिसे वाहन चालक 50 मीटर तक घसीटते ले गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को अस्पताल भेजने के साथ ही वाहनों को जब्त किया गया।

### आज सुबह हुई शिनाख्त

देर रात हुई घटना के बाद मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। आज सुबह पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर मृतक की पहचान कर परिजन को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे। आज सुबह शवों की शिनाख्त होने के पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। सड़क हादसे में जनपद अध्यक्ष के पुत्र समेत एक ही गांव से दो लोगों की मौत से जगन्नाथपुर में शोक का माहौल है। गमगीन माहौल में देर शाम अंतिम संस्कार किया गया।

### आए दिन हो रही घटनाएं

एनएच 130 पर अलकापुरी मोड़ ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा है। इसी स्थान पर विगत कुछ माह में हादसों के कारण आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सड़क पर बना कर्व काफी खतरनाक है और तेज रफ्तार के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

### पीछे से ट्रक में जा घुसे बाइक सवार, वीडियो हुआ वायरल



**लखनपुर।** एनएच 130 पर दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। अलकापुरी में हाइवा की टक्कर से दो युवकों की मौत के बाद बीती रात एक अन्य हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ग्राम केसगंवा निवासी अरविंद और विकास बाइक क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 4476 से अंबिकापुर गए हुए थे और रात को वापस केसगंवा लौट रहे थे। इस दौरान थाना अंतर्गत नवापारा में आगे चल रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अपने वाहन को धीमा कर दिया। इसी बीच पीछे से आ रहे बाइक सवार अपने वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाए और सीधे ट्रक में जाकर घुस गए। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच एनएच किनारे एक युवक वाहनों का वीडियो बना रहा था और पूरी घटना वीडियो में कैद हो गई। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बड़ी बात यह है कि एनएच 130 पर नवापारा और रजपुरी डेंजर जोन बनते जा रहे है और एक वर्ष के भीतर नवापारा व रजपुरी के बीच दस से अधिक लोगों की मौतें हो चुकी है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बतौली/सेदम।** एनएच 43 भंडार डांड़ पुलिया के समीप विपरीत दिशा से आ रहे खीरा लोड पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल का उपचार स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सरमना निवासी उमेश्वर आ. भीमल (35 वर्ष) आज दोपहर गांव के ही भूखन के साथ बाइक से बतौली बाजार खरीदारी करने आए थे। शाम को दोनों बतौली से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही एनएच 43 भंडारडांड़ पुलिया के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे खीरा लोड पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। पिकअप की टक्कर से उमेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है।

चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाले गए शव, बलौदाबाजार से बिहार जा रहा था ट्रेलर

## सेमरसोत में पुलिया से नीचे गिरा ट्रेलर केबिन के नीचे दबकर दो की मौत



**बलरामपुर/राजपुर।** गुरुवार की दोपहर सेमरसोत के समीप पुलिया को तोड़ते हुए क्लिंकर लोड ट्रेलर नीचे पलट गया। दुर्घटना के बाद चालक व परिचालक केबिन में ही बुरी तरह से फंस गए और उनपर कई टन क्लिंकर गिर गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा चार घंटे की कड़ी मशकक के बाद क्लिंकर हटाकर केबिन से दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस द्वारा फिलहाल मर्ग कायम कर मृतकों की शिनाख्त कर ली गई और परिजन को घटना की जानकारी दी गई है।

बताया जा रहा है कि ट्रेलर क्रमांकक सीजी 22 एक्स 8452 बलौदाबाजार से क्लिंकर लोड कर औरंगाबाद बिहार जा रहा था। इस दौरान दोपहर लगभग 2.30 बजे जैसे ही ट्रेलर एनएच 343 पर सेमरसोत रेस्ट हाउस के समीप खतरनाक मोड़ वाली पुलिया के समीप पहुंचा तो चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार ट्रेलर पुलिया की रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिर गया। इस दुर्घटना में ट्रेलर का केबिन पूरी तरह से दब गया और उसके ऊपर ट्राला में मौजूद क्लिंकर गिर गया जिससे केबिन क्लिंकर के नीचे दब गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पस्ता थाना की पुलिस प्रभारी विमलेश सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। घटना के बाद चालकों के वाहन में ही बुरी तरह दबे होने की आशंका के आधार पर पुलिस द्वारा जेसीबी की मदद से पहले क्लिंकर को हटाया गया। क्लिंकर हटाने के बाद केबिन में फंसे चालक व परिचालक के शव बाहर निकाले गए। इस दौरान दोनों शवों को बाहर निकालने में 6.30 बज गया। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकालकर फिलहाल मर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस द्वारा ट्रेलर के मालिक से सम्पर्क कर चालकों की पहचान की गई। मृतकों की पहचान औरंगाबाद बिहार निवासी चालक 40 वर्षीय नरेंद्र कुमार व परिचालक 34 वर्षीय अजित कुमार के रूप में की गई है। दुर्घटना में ट्रेलर के केबिन में दबने और क्लिंकर के भार से दोनों का शव क्षत विक्षत हो गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

## परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट सैकड़ों छात्रों ने किया विवि का घेराव, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- आजाद सेवा संघ के नेतृत्व में निकाली गई रैली

परीक्षा के परिणाम से असंतुष्ट सैकड़ों छात्रों ने आजाद सेवा संघ के बैनर तले आज रैली निकाल कर विश्वविद्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। परीक्षा परिणाम में जीरो अंक पाने से छात्रों में काफी आक्रोश नजर आए। साथ ही विश्वविद्यालय प्रबंधन से उत्तर पुस्तिका की पुनःमूल्यांकन करने के साथ रिचेकिंग की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की।



विश्वविद्यालय के सामने प्रदर्शन करते छात्र।

आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023-24 के परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था जिसमें बीएससी बॉटनी एवं केमिस्ट्री पेपर के अतिरिक्त विषयों के परिणाम से छात्र असंतुष्ट थे। कई छात्रों को परीक्षा परिणाम में शून्य नंबर दिया गया वहीं परीक्षा में उपस्थित कई छात्रों को अनुपस्थित करार दिया गया है। कुछ दिनों पूर्व ही आजाद सेवा संघ द्वारा विश्वविद्यालय को ज्ञापन सौंपा गया था। जिस पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर आज सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने आजाद सेवा संघ के बैनर तले घड़ी चौक के समीप देवीगंज रोड से रैली निकाल कर विश्वविद्यालय का घेराव किया। आजाद सेवा संघ के पदाधिकारी और छात्रों ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया तथा समस्या के समाधान करने की बात कही। इस बीच छात्रों ने मोबाइल से सरगुजा के सांसद चिंतामणि महाराज से बात की। छात्रों की समस्या सुन सरगुजा सांसद ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से बात कर समस्या के निराकरण पर चर्चा करने की बात कही। इधर आजाद सेवा संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने छात्रों को कोई भी उचित आश्वासन नहीं दिया गया। उल्टा पूरा गलती सिर्फ छात्रों को ठहराया। संघ एवं छात्रों द्वारा सिर्फ दो दिन का समय दिया गया है। दो दिन के अंतराल में विश्वविद्यालय ने छात्रों के हित में फैसला नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में लगभग 5 हजार की संख्या के साथ विश्वविद्यालय का घेराव किया जाएगा। कुल सचिव ने बताया की छात्र परीक्षा परिणाम को लेकर असंतुष्ट है। प्रोफेसर के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कराई गई है, सभी छात्रों का वही नंबर आना पाया गया है।

## 1.14 करोड़ के धान गबन मामले में खरीदी केंद्र प्रभारी व फंड मुंशी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दस अन्य आरोपियों की तलाश जारी, फर्जी तरीके से 3576 .18 क्विंटल धान गबन का मामला



महावीरगंज धान उपार्जन केंद्र में 1 करोड़ 14 लाख रुपए के धान गबन मामले में पुलिस ने केंद्र प्रभारी और फड़ मुंशी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही इस मामले में 10 अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपियों को विजयनगर पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल दाखिल करा दिया गया है। बता दें कि बलरामपुर जिले के रामानुजगंज के महावीरगंज के अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन केंद्र विजयनगर में 3576.18 क्विंटल धान की बोगस खरीदी का मामला सामने आया था। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने खरीदी केंद्र प्रभारी, फड़ मुंशी समेत 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

इस मामले में अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक समिति में समर्थन मूल्य पर कुल 77643.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। धान खरीदी के बाद कुल 74066.82 क्विंटल धान का उठाव किया गया जबकि शेष धान समिति में नहीं मिला। ऐसे में फर्जी तरीके से किसानों की एंट्री कर धान खरीदी की संभावना पर मामले की जांच अधिकारी बी तिर्की द्वारा जांच की गई। जांच में यह पुष्टि हुई कि खरीदी प्रभारी मंजर अंसारी ने 9491.20 क्विंटल धान खरीदी की और 9491.20 क्विंटल धान का उठाव किया गया। खरीदी केंद्र प्रभारी बदले जाने के बाद आरिफ अंसारी ने कुल 68152.40 क्विंटल धान खरीदी की और 64576.22 क्विंटल धान का उठाव कराया गया जबकि शेष 3576.18 क्विंटल धान का आरिफ अंसारी ने उठाव नहीं कराया। गायब 3576.18 क्विंटल धान की कीमत 1 करोड़ 10 लाख 86 हजार 158 रुपए और 12 हजार 983 नग बारदाना की कीमत 3 लाख 24 हजार 575 रुपए समेत कुल राशि 1 करोड़ 14 लाख 10 हजार 733 रुपए लगाई गई है। धान कम मिलने पर खाद्य अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन के साथ मामले की शिकायत 1 जुलाई को रामानुजगंज थाने में शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद खरीदी केंद्र प्रभारी आरिफ अंसारी सहित फड़ प्रभारी मतीन और कर्मचारी जियाउल अंसारी, संतोष यादव, सुनील, दिनेश, सकेन्द्र, महबूब, संतू लाल, अवधेश, शिवकुमार और बारदाना प्रभारी गुलाब सिंह धारा 409 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में खरीदी केंद्र प्रभारी गम्हरिया निवासी आरिफ अंसारी आ. समदानी अंसारी, व फंड मुंशी विजयनगर निवासी महबूब आलम आ. अमीनुद्दीन को हिरासत में गिरफ्तार किया गया है जबकि शेष दस आरोपियों की तलाश जारी है।

### सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। दोनों ही घटनाओं में जमीन पर सोने के दौरान ही जहरीले सांप ने काट लिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम पशुपतिपुर निवासी राम सुंदर आ. गणेश (27 वर्ष) बीती रात कमरे में जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात लगभग 2 बजे करैत सांप ने काट लिया। सांप के काटने की जानकारी लगते ही परिजन उसे वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक को आपातकालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में चांदो थाना अंतर्गत ग्राम मंडवा निवासी बुधेश्वर नाग आ. स्व.अमित नगेसिया (35 वर्ष) बीती रात पत्नी के साथ जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन बुधेश्वर को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बिजली की लचर व्यवस्था, युकां ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था तथा लोगों को हो रही परेशानी को लेकर आज युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने विद्युत कार्यालय का घेराव किया। साथ ही बिजली व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

युवा कांग्रेस सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक शांतनु सिंह ने बताया कि क्षेत्र में आए दिन विद्युत विभाग द्वारा लाइट की कटौती की जा रही है। ऐसे में क्षेत्र के किसानों को खेती करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खेत में सिंचाई नहीं होने से धान की फसल की पैदावार पर भी इसका असर पड़ सकता है। इसके अलावा बिजली नहीं होने से लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। युवा कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बिजली व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान आशीष सिंह, दिलीप जायसवाल, राहुल सिंह, विनय पावले, विनय पैकरा, देव सैनी, कांता प्रसाद, राजेश, गोलू , विपेश, अभय जायसवाल के अलावा प्रशासन की ओर से विद्युत विभाग के एई, तहसीलदार, थाना प्रभारी संजय राठौर सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



## 5 किलो गांजा के साथ सप्लायर व खरीददार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तस्कर व सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है।




जानकारी के अनुसार 3 जुलाई को लुंड्रा पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। इस दौरान नागम बांसपारा पुलिया के समीप पंडरापाट कैलाश गुफा की ओर से बाइक सवार आता हुआ नजर आया लेकिन बाइक सवार पुलिस को देखने के बाद भागने लगा। पुलिस ने बाइक सवार का पीछा कर पकड़ा तो युवक की पहचान नागम निवासी 28 वर्षीय जोधन राम के रूप में की गई। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद प्लास्टिक झोले से 5.187 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस दौरान आरोपी ने पूछताछ के दौरान पत्थलगांव निवासी सद्दाम से गांजा खरीदने की बात स्वीकार की। पुलिस द्वारा मामले में घेराबंदी कर पत्थलगांव शांतिनगर निवासी 31 वर्षीय सद्दाम के रूप में की गई। आरोपी ने जोधन राम नागेश को अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से 2 नग बाइक, एक मोबाइल फोन व गांजा जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लुन्ड्रा शिशिरकान्त सिंह, सउनि रामकरण राजवाड़े, प्रधान आरक्षक सत्यनारायण पाल, आरक्षक दीपक पाण्डेय, हेमंत लकड़ा, निरंजन बड़ा, वीरेंद्र खलखो, शिव खलखो, विनोद केरकेट्टा शामिल रहे।

## डोरी बिनने निकला ग्रामीण तीन दिनों तक भटकता रहा जंगल में

**अम्बिकापुर।** सोमवार को डोरी बिनने निकला ग्रामीण तमोर पिंगला अभ्यारण्य अंतर्गत पिंगला जंगल में भटक गया। वह तीन दिनों तक घने जंगल में भटकता रहा। पिछले दो दिनों से ग्रामीण की तलाश में जुटे वनकर्मियों ने गुरूवार को उसे बकराअण्डा धाम के निकट सकुशल बरामद किया। रमकोलो निवासी मो.नासिर आ.हुसैनी (70वर्ष) 1 जून को सुबह 8 बजे तमोर पिंगला अभ्यारण्य में महुआ बीज संग्रहण करने निकला था। इस दौरान वह घने जंगल में भटक गया। देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन ने वन अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर वन अधिकारियों ने वनपाल, हाथी मित्रमंडल एवं सुरक्षा श्रमिकों की टीम बनाकर भटके ग्रामीण को तलाशने के लिए निर्देशित किया तथा आसपास के गांवों में मुनादी कराई। वनकर्मी दो दिनों तक आसपास के जंगल में ग्रामीण को तलाशते रहे लेकिन उसका पता नहीं चला। गुरूवार को वनकर्मी पिंगला जंगल स्थित बकराअण्डा मार्ग के आसपास के ग्रामीण को तलाश रहे थे।

5-July- Jash-Bhoomi pg-3_Layout 1 7/5/2024 7:32 PM Page 1





# कटप्पा ने शुरू की सलमान की 'सिकंदर' की शूटिंग...

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग चल रही है। इस फिल्म में 'बाहुबली' के कटप्पा यानी एक्टर सत्यराज भी नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि वे इसमें खलनायक का किरदार अदा करेंगे। उन्होंने भी शूटिंग शुरू कर दी है। सेट से निर्माताओं ने सत्यराज के साथ तस्वीरें साझा की हैं। इसके अलावा प्रतीब बब्बर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मेकर्स ने प्रतीक और सत्यराज दोनों का सेट पर स्वागत किया है। इस फिल्म का निर्देशन दक्षिण के लोकप्रिय निर्देशक एआर मुरुगडस कर रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन के एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा की गई है। इसमें तीन तस्वीरे हैं।



## लाइफ Style

# दीपिका

## 'विपरीत करणी' आसन के बताए फायदे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। वे गर्भवती हैं और गर्भावस्था का सातवां महीना चल रहा है। इस दौरान वे सोशल मीडिया पर भी पहले से अधिक सक्रिय हैं और अपनी दिनचर्या के बारे में फैंस के साथ जानकारी साझा करती नजर आ रही हैं।

दीपिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसे देख लोग हैरान हैं। अभिनेत्री वर्कआउट करती नजर आ रही हैं, वह भी ऐसा आसन, जिसे गर्भावस्था में करना शायद लोग ठीक न मानें! लेकिन, दीपिका ने इसके फायदों से रूबरू कराया है। हालांकि, जब मैं कसरत नहीं कर पाती तो मैं इस सरल आसन का अभ्यास पांच मिनट जरूर करती हूं। मैं इसे हर दिन करती हूं, चाहे मैं कसरत करूं या नहीं। खासकर फ्लाइट से यात्रा करने के बाद या यूं ही तनाव कम करने के मामले में यह आसन बहुत ही उपयोगी है। आप भी मेरे साथ डेली सेल्फ केयर प्रैक्टिस से जुड़ सकते हैं। विपरीत करणी आसन में पीठ के बल लेटकर पैरों को दीवार के सपोर्ट से ऊपर उठाकर सीधा रखा जाता है। दीपिका ने लिखा, 'संस्कृति में 'विपरीत' का अर्थ है 'उलटा' और 'करणी' का अर्थ है 'कार्रवाई में'। अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'दीवार के सहारे अपने पैरों को ऊपर करके लेटने से आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है। नर्वस सिस्टम ठीक से काम करता है, और इम्यूनिटी बढ़ती है। दीपिका ने आगे लिखा कि यह प्राचीन आसन बहुत लाभकारी है, खासकर हमारी तनावपूर्ण और व्यस्त दुनिया में यह बेहद मददगार है'।

## हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल के किरदार को लेकर डर था

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में डेडपूल की अपनी भूमिका को फिर से निभाते हुए नजर आएंगे। डिज्नी और फॉक्स के विलय के कारण अभिनेता को लगा था कि वह फिर से सुपरहीरो की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। डेडपूल और वूल्वरिन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में बताया कि उन्हें डेडपूल की ड्रेस दोबारा न पहनने का डर क्यों था। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि ऐसा किरदार एमसीयू में कैसे फिट होगा।




# ह्यू जैकमैन ने की केविन फीगे के व्यवहार की तारीफ

**लॉस एंजिलिस।** ह्यू जैकमैन ने फिल्म एक्स मेन के लिए ऑडिशन दिया था। उनका वो ऑडिशन काफी खराब गया था। उन्होंने हाल में इस ऑडिशन को याद करते हुए केविन फीगे के व्यवहार की तारीफ की है। हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसमें वह रयान रेनॉल्ड्स के साथ स्क्रीन साझा करते हुए दिखाई देंगे। ह्यू जैकमैन ने कई बार स्क्रीन पर वॉल्वरिन बनकर दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। मगर अब ये कल्पना करना वाकई काफी मुश्किल होगा कि ह्यू जैकमैन मार्वल फिल्मों में वॉल्वरिन का किरदार निभाएं। हालांकि ऐसा कुछ तय नहीं हुआ था। मगर उन्होंने मार्वल स्टूडियो की फिल्म के लिए एक बार ऑडिशन दिया था।



# साझा की शादी की नई झलकियां...

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की बेटी आयरा खान ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड, फिटनेस ट्रेनर नुपुर शिखरे के साथ एक भव्य समारोह में शादी कर ली है। हाल ही में. एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, आयरा ने अपनी शादी के जश्न के कुछ सबसे प्यारे पलों को साझा किया है और उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त की जिन्होंने उनकी शादी की प्लानिंग अच्छे से की। आयरा ने इस अनुभव को दोबारा जीने की इच्छा व्यक्त की और कहा कि यदि वे कभी ऐसा दोबारा करेंगे तो वे चाहेंगी कि इसमें वही लोग शामिल हों, क्योंकि उनके बिना यह अनुभव वैसा नहीं होगा। आयरा के कैप्शन में लिखा था, 'मुझे नहीं लगता कि हमारा कभी इतना ख्याल रखा गया होगा। योजना और रेकी से लेकर शादी तक। सभी कर्मचारियों ने जो देखभाल, उत्साह और रुचि दिखाई, वह दिल को छू लेने वाली थी।'




# ओटीटी पर धूम मचाने को तैयार श्रीकांत

**मुंबई।** राजकुमार राव, अलाया एफ और ज्योतिका अभिनीत फिल्म 'श्रीकांत' ने सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही लोगों का खूब दिल जीता है। प्रशंसक दृष्टिहीन श्रीकांत बोला के रूप में राजकुमार राव की प्रशंसा कर रहे हैं। अगर दर्शक इस मास्टरपीस को सिनेमाघरों में देखने से चूक गए हैं तो अब उन दर्शकों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। फिल्म अब ओटीटी पर भी धूम मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसकी आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद 'श्रीकांत' अपने ओटीटी प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार है। नेटफ्लिक्स इस साल मई में रिलीज होने के बाद 5 जुलाई को राजकुमार राव अभिनीत फिल्म को रिलीज करेगा। बायोपिक बोलंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक और दृष्टिबाधित उद्यमी श्रीकांत बोला की कहानी है।

## टीवी मसाला



# हिना खान को एकता कपूर ने बताया 'हीरो'

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' फेम एक्ट्रेस हिना खान ने हाल ही में खुलासा किया था कि उन्हें स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर का पता चला है। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक लंबा नोट शेयर कर सभी को बताया कि वह तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर का इलाज करा रही हैं। उनके बताने के बाद से ही उन्हें इंडस्ट्री में उनके दोस्तों और फैंस का भरपूर सपोर्ट मिल रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने उन्हें 'फाइटर' कहा था और अब एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर हिना खान को अपना 'हीरो' बताया है। एकता ने हिना खान के लिए पोस्ट शेयर किया और एक्ट्रेस की वीडियो लगाकर उसमें कैप्शन में उन्हें 'मेरी हीरो' कहा है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हिना खान का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस कैंसर का पता चलने के बावजूद एक अवॉर्ड नाइट में शिरकत करती नजर आ रही हैं। एकता ने एक लिखा- 'स्टार, सुपरस्टार!!!! सच में मेरी हीरो हिना खान।' अब हिना खान ने एकता कपूर को थैंक्स बोलते हुए कहा, 'एक असली क्वीन दूसरों को हिम्मत देती है और जब से आपको पता चला है तब से आप मुझे हिम्मत दे रहे हो। जिस तरह से आप मेरा ध्यान रखते हैं उससे और मुझे ताकत मिलती है। एकता कपूर, लव यू।'

## 'जो मैं कर चुकी हूं, वो दोबारा नहीं करना चाहती हूं'...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा लाइमलाइट में बनी रहती हैं। उनकी हर एक अदा पर फैंस कायल हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर श्वेता अपने हुस्न का जलवा दिखाती रहती है। श्वेता तिवारी ने छोटे पर्दे पर एकता कपूर के सीरियल 'कसौटी जिंदगी से' शुरुआत की थी। इस शो मे एक्ट्रेस को खूब पॉपुलैरिटी मिली थी। इसके बाद से श्वेता ने कई हिट सीरियल किए और उन्होंने अपनी घर-घर में पहचान बना ली। 'बिग बॉस' सीजन 4 की विनर रह चुकीं श्वेता तिवारी पिछले काफी समय से टीवी इंडस्ट्री से दूर हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने इसके पीछे की वजह का खुलासा किया है। टेली टॉक को दिए इंटरव्यू में श्वेता ने बताया कि, 'जो मैं कर चुकी हूं, मैं वो दोबारा नहीं करना चाहती हूं। अगर आप आज टीवी देखो तो हर चीज सेम चल रही है। मैं तो अब टीवी देखना भी पसंद नहीं करती हूं. मम्मी-पापा देखते थे तब मैं भी देखती थी, लेकिन अब टीवी में पता नहीं क्या ही जादू की तरह चीजें दिखाई जा रही हैं।



# अक्षय-राधिका की रोमांटिक केमिस्ट्री करवाएगी सरफिरा को हिट..!

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का एक और गाना रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में आपको अक्षय कुमार और राधिका मदान की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। राधिका का महाराष्ट्रियन लुक काफी खूबसूरत लग रहा है। गाने में अक्षय राधिका को अप्रोच करते नजर आ रहे हैं। साफ है कि इनकी एक प्यारी सी लव स्टोरी फिल्म की कहानी का हिस्सा होगा। अब राधिका मदान के हाथ कितना काम लगता है ये तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही सामने आएगा। ये फिल्म 12 जुलाई को रिलीज होने वाली है गाने की बात करें तो इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं और इसे श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज से सजाया है। अक्षय कुमार ने गाना अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर किया तो फैन्स का भी खूब प्यार मिला। ज्यादातर लोग लीड स्टार्स की केमिस्ट्री को खासा पसंद कर रहे हैं। राधिका के साथ अक्षय कुमार की पेयरिंग काफी फ्रेश लग रही है। राधिका ने भी इस तरह का रोल पहली बार ही किया है। साड़ी वाले फुल एथनिक मराठी लुक उनपर सूट कर रहा है।



वजह का अमिताभ बच्चन ने किया खुलासा

# अमजद खान से कई साल तक नफरत करते रहे अभिषेक बच्चन

**नई दिल्ली।** 80 के दौर में अमिताभ बच्चन और अमजद खान की जोड़ी ने बड़े पर्दे पर खूब धमाल मचाया था। दोनों ने शोले, नसीब, मुकद्दर का सिकंदर, याराना सत्ते पे सत्ता, लावारिस जैसी दर्जनों हिट फिल्में दी। किसी फिल्म में अमजद खान को सपोर्टिंग हीरो, तो किसी में निगेटिव रोल भी मिला, लेकिन बचपन में अमिताभ बच्चन के बेटे अमजद खान को बुरा आदमी समझते थे और उनसे बहुत डरते भी थे। इस बात का खुलासा खुद अमिताभ बच्चन ने संजय दत्त के सामने किया। इंस्टाग्राम पर केबीसी का एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में हॉट सीट पर अमिताभ बच्चन के साथ संजय दत्त बैठे हुए हैं और अमिताभ बच्चन अपने दौर का एक किस्सा सुना रहे हैं और बता रहे हैं कि जब मेरा बेटा अभिषेक छोटा था, तो वो मेरे दोस्त अमजद खान से बहुत नफरत करता था। उसे लगता था कि वह बड़े पर्दे पर निगेटिव रोल निभाते हैं, इसलिए बुरे आदमी हैं। एक बार जब किसी पार्टी में अमजद खान और अमिताभ बच्चन एक साथ बात कर रहे थे, तो उसे देखकर अभिषेक बहुत डर गए और उन्हें लगा कि अब यहां लड़ाई-झगड़ा होने वाला है। ये किस्सा सुनकर हॉट सीट पर बैठे संजय दत्त भी हंसने लगे।



### 70 से 80 तक खूब चली अमजद और अमिताभ की जोड़ी

अमिताभ बच्चन और अमजद खान सबसे पहले फिल्म शोले में एक साथ नजर आए थे, यह फिल्म 1975 में रिलीज हुई थी और सुपर डुपर हिट फिल्म रही थी। इसके अलावा 1977 में वह परवरिश फिल्म में नजर आए थे। 1978 में गंगा की सौगंध, 1979 में सुहाग, खून पसीना, नसीब, मुकद्दर का सिकंदर, सत्ते पे सत्ता, याराना, कालिया, मिस्टर नटवरलाल जैसी कई फिल्मों में अमिताभ बच्चन अमजद खान के साथ काम कर चुके हैं और दोनों जिगरी यार भी रहे हैं। लेकिन उनका लुक और बड़े पर्दे पर उनका किरदार देखकर अभिषेक बच्चन उनसे डरते थे।

## किसी ने झेली परिवार की नाराजगी तो किसी ने छोड़ा घर

# परिवार से बगावत कर अभिनय की दुनिया में आए ये सितारे

***नई दिल्ली।*** *अभिनय की चकाचौंध दुनिया में कलाकार बनने का सपना लिए कई लोग आते हैं। कई लोगों ने अपनी मेहनत के दम पर और शानदार अदाकारी के साथ अभिनय की दुनिया में अपना नाम कमाया है। आज बॉलीवुड में कई सितारों के अभिनय की तारीफ होती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से कुछ सितारों को अभिनेता या अभिनेत्री बनने के लिए परिवार की नाराजगी भी झेलनी पड़ी थी। चलिए आज हम आपको बताते हैं, उन सितारों के बारे में, जिन्होंने अभिनय में अपना करियर बनाने के लिए परिवार से बगावत तक कर ली थी।*



**इरफान खान :** बॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे मशहूर अभिनेताओं में से एक इरफान खान ने जब अभिनेता बनने की इच्छा जताई तो उन्हें अपने परिवार की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जयपुर के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले इरफान ने अपने जुनून को आगे बढ़ाया और रूढ़ियों से अलग हटकर काम किया। उनके असाधारण अभिनय कौशल और दमदार फिल्मों ने उन्हें सिनेमा की दुनिया में एक सम्मानित व्यक्ति बना दिया। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी यादें दर्शकों के दिलों में जिंदा हैं।



**करिश्मा कपूर :** एक प्रसिद्ध फिल्मी खानदान का हिस्सा होने के बावजूद करिश्मा कपूर को बॉलीवुड में बतौर अभिनेत्री प्रवेश करने के फैसले पर परिवार से विरोध मिला था। उनके पिता रणधीर कपूर का मानना था कि कपूर परिवार की किसी भी महिला ने फिल्म उद्योग में काम नहीं किया है और इसलिए वे करिश्मा के फिल्मी दुनिया में प्रवेश करने के फैसले के खिलाफ थे। अभिनेत्री ने 15 साल की छोटी उम्र से ही अपने करियर की शुरुआत कर दी थी।



**राधिका आप्टे :** राधिका आप्टे एक ऐसे परिवार से आती हैं, जहां उनके माता-पिता दोनों ही चिकित्सा पेशे का हिस्सा रहे हैं। उनका जन्म पुणे में हुआ था और उन्होंने अर्थशास्त्र में स्नातक किया था, लेकिन प्रदर्शन कलाओं के प्रति उनके प्रेम ने उन्हें फिल्म उद्योग में प्रवेश करने के लिए प्रेरित किया। उनके पिता राधिका के अभिनेत्री बनने के उनके फैसले के खिलाफ थे। उनके पिता ने कथित तौर पर उनसे कहा कि यह एक दिमागहीन व्यवसाय है। हालांकि, राधिका अपने फैसले पर टिकी रहीं और अब वे बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं।



**कंगना रणौत :** कंगना रनौत इंडस्ट्री की सबसे निडर, बोल्ड और मुखर अभिनेत्रियों में से एक हैं। जब उन्होंने फिल्मों में अपना करियर शुरू किया तो उनके परिवार ने उनका विरोध किया। एक छोटे से शहर में जन्मीं कंगना का बॉलीवुड में सफर संघर्ष और विरोध से भरा रहा। उनके पिता चाहते थे कि वे डॉक्टर बनें। हालाँकि, उन्होंने फिल्म उद्योग में अपना करियर बनाने के लिए कम उम्र में ही घर छोड़ दिया। हालांकि, इससे उनके परिवार के साथ उनके रिश्ते खराब हो गए थे।

## खबर संक्षेप

### दूसरे दिन भी खाद्य औषधि प्रशासन ने की होटलों में जांच



सारंगढ़। जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, नियंत्रक खाद्य औषधि प्रशासन और कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने वर्षा ऋतु में दूषित जल से होने वाली संक्रमित बीमारियों को देखते हुए जिला मुख्यालय सारंगढ़ के विभिन्न होटलों और दुकानों में कार्रवाई की। सारंगढ़ शहर में ज्यादा खपत होने वाले दूध दही पनीर आदि खाद्य पदार्थों का जांच करते हुए कई फर्मों का निरीक्षण किया गया जिसमें काव्या डेयरी, पंजाबी चूल्हा, दीक्षा इंटरप्राइजेज, गगन प्रोविजन, लजीज बिरयानी, हरियाणा जलेबी शामिल है। पंजाबी चूल्हा से दही एवं पनीर एवं दीक्षा इंटरप्राइजेस से पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण के दौरान सभी को खाद्य पदार्थों के सही रख रखाव, पीने के पानी का उचित पात्र में साफ स्वच्छ जल का भंडारण करने, खाद्य पदार्थ को मक्खी से बचाव हेतु ढककर रखने खाद्य पदार्थों में खाद्य रंग का सीमित मात्रा में उपयोग करने, खाद्य पदार्थों को रखने में अखबारी पेपर का उपयोग नहीं करने, फ्रेश तेल में तीन बार से अधिक खाद्य पदार्थों को नही तलने, एक्सपायरी डेट वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने एवम साफ सफाई रखने के दिशा निर्देश दिए गए।

### अग्रवाल मित्र सभा का निशुल्क लीवर जांच शिविर कल

**रायगढ़।** नगर की अग्रसंस्था अग्रवाल मित्र सभा द्वारा रथ यात्रा के पावन पर्व अवसर पर आगामी 07 जुलाई, रविवार को स्थानीय स्टेशन चौक स्थित मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला में लिवर फाइब्रोस्कैन जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए अग्रवाल मित्र सभा के अध्यक्ष एडव्होकेट बाबूलाल अग्रवाल एवं सचिव लायन शैलेष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि उक्त शिविर सर्व समाज के लिये पूर्णतः निःशुल्क है जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित डाक्टर प्रतीक छाबड़ाएश्रीराम केयर हॉस्पिटल बिलासपुर अपनी टेक्निशियन टीम के साथ आंगतुकों की अत्याधुनिक तरीके की मशीन से लिवर की जांच कर मात्र तीन मिनट में ही कर उसकी रिपोर्ट देकर उचित चिकित्सा परामर्श भी देंगे।

### वारिसान को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत मनीष श्रीवास्तव आण्दीपक श्रीवास्तव, निवासी.छोटे अतरमुड़ा की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु होने के फलस्वरूप तहसीलदार रायगढ़ के अनुशंसा पर एसडीएम रायगढ़ द्वारा मृतक की माता श्रीमती ममता श्रीवास्तव को 25 हजार रुपये वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### डीईओ ने स्कूलों को जारी किए दिशा निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी को नए शिक्षण सत्र से बेहतर विद्यालय संचालन के संबंध में निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला ने जिले के समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रायार्यों को स्कूल संचालन हेतु दिशा निर्देश जारी किए है। उन्होंने कहा कि स्कूल में कोई भी विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहे उन्हें नियमानुसार प्रवेश दिलाएं। जिन विद्यालयों में बच्चे नहीं आ रहे है उनके पालकों से संपर्क स्थापित कर शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। शासन द्वारा जो भी योजनाएं चलायी जा रही है जैसे मध्यान्ह भोजन, पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण का लाभ समय पर शत प्रतिशत बच्चों को उपलब्ध कराएं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में यदि स्कूल बंद होते है तो शासन द्वारा दी जाने वाली मध्यान्ह भोजन योजना के तहत सुखा राशन वितरण कराएं। निर्धारित समयावधि में सभी शिक्षक विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। हाई हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में प्रारंभ से ही प्रयोग शाला, पुस्तकालयों का उपयोग एवं रख रखाव करें। विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शाला संचालित होनेए अवकाश आदि के समय निगरानी रखते हुए विशेष सावधानी बरते।

## अपराध वही धाराएं नई, पीड़ित को अब नहीं भटकना होगा इधर-उधर

# कानून में संशोधन के साथ ही परिवर्तन धाराएं लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आईपीसी सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट ये वो तीन चर्चित धाराएं हैं जो लोगों की जुबान पर रहती थीं, लेकिन अब 1 जुलाई से ये बीते दिनों की बात हो गई हैं। इनकी जगह अब तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिताए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता ने ले ली है। अब आपराधिक मामलों का फैसला इन कानूनों से होगा। वहीं नए कानून के तहत कई अपराध की धाराओं में बदलाव किया है तो कई अपराधों में कठोर दंड का प्रावधान भी किया गया है। तो पीड़ितों को जीरो एफआईआर और ई एफआईआर की सुविधा देकर उनकी परेशानियों को कम करने की कोशिश की गई है।

■ आईपीसी एसीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट में बदलाव

एक जुलाई से नए कानून के तहत किसी को एफआईआर के लिए भटकने की जरूरत नहीं होगी। यदि वह अपराध घटित थाना क्षेत्र में नहीं है तो पास के अन्य किसी थाने में जीरो पर एफआईआर करा सकता है। इसके अलावा ई एफआइआर का प्रावधान भी रखा गया है। जिसके तहत कोई भी व्यक्ति पुलिस की वेबसाइट पर जाकर एफआइआर की सूचना दे सकता है। पुलिस को तीन दिन के अंदर उन्हें थाने में बुलाकर एफआईआर करनी होगी। इतना ही नहीं कई धाराओं में भी परिवर्तन किया गया है। बकायदा सभी थानों पर भी इसकी पूरी जानकारी देनी होगी। धाराओं के बदलाव से जुड़ा हुआ एक बोर्ड भी थाने में लगाया जा रहा है।




### सजा में बदलाव

- दुष्कर्म उम्रकैद अब अंतिम सांस तक
- सामूहिक दुष्कर्म न्यूनतम 20 साल की सजा
- शादी का सांझा देकर रेपरू बिन वारंट गिरतारी
- नाबालिग से दुष्कर्मरू मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान
- सीआरपीसी व बीएनएस की सामान्य प्रयुक्त धाराएं

### आईपीसी और बीएनएस की सामान्य धाराएं

| अपराध | पहलेधारा | अब |
|---|---|---|
| हत्या | 302 | 103 |
| दहेज मृत्यु | 304बी | 80 |
| चोरी | 379 | 303 |
| बलात्कार | 376 | 64 |
| धोखाधड़ी | 480 | 318 |
| पति प्रताड़ना | 498, | 85 |
| आपराधिक षड्यंत्र | 120बी | 61 |

| विषय | पहले धारा | अब |
|---|---|---|
| कार्य. मजिस्ट्रेट | 144 | 163 |
| संज्ञेय अपराध | 151 | 170 |
| प्राथमिकी | 154 | 173 |
| अंतिम रिपोर्ट | 173 | 193 |

### ई एफआइआर होगी और कार्रवाई का मिलेगा अपडेट

ई.एफआइआर इलेक्ट्रानिक माध्यम जैसे ई मेल, वाट्सएप या फिर पुलिस की वेबसाइट पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिस मोबाइल से शिकायत होगी। उस पर ओपीटी आएगा। ओपीटी शेयर करने पर एक लिंक मोबाइल पर या ई मेल पर साझा की जाएगी। जिसके माध्यम से फरियादी अपनी शिकायत कहीं से भी दर्ज करा सकता है। जबकि जीरो एफआईआर में भी जो एफआईआर कई बार पांच से दस दिन में होती थी। अब दस मिनट में हो जाएगी। केस की जानकारी मिलेगी एसएमएस पर अभी तक फरियादी एफआइआर दर्ज करने के बाद न सिर्फ एफआइआर की कॉपी बल्कि क्या कार्रवाई आगे चल रही है इसके लिए उसे सूचना का अधिकार लगाना पड़ता था। पर अब एफआइआर करते समय फरियादी का मोबाइल नंबर लिया जाएगा। जिसमें केस से जुड़ी हुई विभिन्न जानकारी एसएमएस पर भेजी जाएगी।

### पुलिस को और शक्ति

धारा 107,16 के तहत अब एएसपी और एसपी के शक्ति बढ़ी है। यह कार्रवाई पुलिस अनुभाग अधिकारियों के समक्ष न भेजते हुए अब सीधे कार्रवाई कर सकती है। इसके लिए प्रदेश सरकार से अनुमति ली जाएगी।

### सुविधाएं बढ़ाई गईं

नए कानून से कई तरह के बदलाव हो रहे हैं। धाराएं बदलना तो इसमें शामिल है ही, लेकिन एफआइआर दर्ज कराने को लेकर सुविधाओं में इजाफा किया गया है। जिमसें खासकर ई.एफआइआर और जीरो एफआइआर के अलावा महिलाओं से जुड़े अपराधों को लेकर सजा में वृद्धि और सुविधाएं भी बढ़ाई गई।

### नए केस का ट्रायल नए कानून से

नए कानून के अनुसार जो मुकदमे दर्ज होंगे, उनका ट्रायल भी नए कानून से होगा। जो मुकदमे 30 जून की रात 12 बजे के पहले दर्ज होंगे। उनका ट्रायल पुराने कानून से ही होगा।

### ऑनलाइन समन, गवाही में भी बदलाव

नए कानून में सबसे अधिक सुविधा गवाह व वादी को दी गई है। गवाह को सूचना नहीं मिल पा रही है तो वह वाट्सएप पर मिलने वाले समन व वारंट को भी सूचित होना माना जाएगा। गवाह किन्हीं कारणों से नहीं आ पा रहा है तो जिस जिले में मौजूद होगाए वहां की अदालत के वीडियो कॉफ्रेसिंग सेंटर से ऑनलाइन गवाही दे सकता है।

### ये सुविधाओं जुड़ी

महिलाएं बिना थाने जाए करा सकती हैं एफआइआर। अब शिकायत कराने थाने जाने की जरूरत नहीं ऑनलाइन भी एफआइआर करा सकते हैं। पुलिस को यौन उत्पीड़न मामलों की जांच सात दिनों में पूरी करनी होगी और देरी पर थाने के अधिकारी पर कार्रवाई होगी। पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगोंए 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को पुलिस थाने आने से छूट दी जाएगी।

### अब पुलिस गवाहों के बयानों की वीडियो रिकार्डिंग भी करेगी

महिला पीड़िता अपने किसी रिश्तेदार के घरए मंदिर या सुविधा अनुसार कही भी बयान दर्ज करा सकती है। अब महिला के साथ.साथ ज्यादती या गैंग रेप पर आजीवन कारावास या मृत्यु दंड की सजा का प्रावधान हो गया है।

## ओवरआल श्रेणी में ओपीजेयू को मिला राज्य स्तर पर प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ ने प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी रैंकिंग इंडिया में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए निजी विश्वविद्यालयों की ओवरआल श्रेणी में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान, ज़ोन लेवल पर पंचम स्थान एवं राष्ट्रीय स्तर पर 47वां स्थान प्राप्त किया है।

इतना ही नहीं, विश्वविद्यालय के तीनों स्कूल्स स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग, स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट और स्कूल ऑफ़ साइंस ने भी राज्य स्तर पर अपने- अपने क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि अनुसंधान, संकाय गुणवत्ता तथा छात्र परिणामों में उत्कृष्टता के प्रति ओपीजेयू की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस उपलब्धि के साथ ही विश्वविद्यालय ने खुद को प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया है। ज्ञातव्य हो की भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2015 से प्रकाशित हो रहा है। शैक्षणिक संस्थानों के लिए सबसे प्रामाणिक है और एसएएआरसी विश्वविद्यालयों, भारतीय विश्वविद्यालयों, बिजनेस स्कूल्स, इंजीनियरिंग महाविद्यालयों, लॉ महाविद्यालयों, वास्तुकला और डिजाइन संस्थानों की सबसे निश्चित सूची प्रदान करता है, साथ ही भारत और एसएएआरसी देशों के लिए पाठ्यक्रम विश्लेषण के आधार पर रैंकिंग भी प्रदान करता है।

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आर. डी. पाटीदार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि के लिए सभी डीन्स, विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्रों को बधाई दिया और कहा की यह सभी के समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। डॉ पाटीदार ने कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा की यह उत्कृष्ट मान्यता जिंदल स्टील एन्ड पावर के चेयरमैन नवीन जिंदल जी और विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल जी के विज़न, सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग से ही मिली है।

आने वाले दो वर्षों में विश्वविद्यालय के अकादमिक एवं परिसर इत्यादि के एक्सपान्सन के साथ ही ओपीजेयू न केवल देश में बल्कि विश्व स्तर पर शीर्ष रैंकिंग को प्राप्त करेगा। उन्होंने बताया की यह फ्रेमवर्क देश भर के संस्थानों को रैंक करने की कार्यप्रणाली की रूपरेखा तैयार करता है और इसकी कार्यप्रणाली में सात पैरामीटर शामिल हैं, जो मोटे तौर पर ₹अकादमिक उत्कृष्टता, शोध, प्लेसमेंट प्रदर्शन, कॉर्पोरेट इंटरफ़ेस, प्लेसमेंट रणनीतियाँ और सहायता, शिक्षण संसाधन और शिक्षाशास्त्र और भविष्य की दिशा₹ को कवर करते हैं। रैंकिंग ठोस सर्वेक्षण और शोध पर आधारित है तथा लिमिटेड और कॉर्पोरेट जगत द्वारा स्वीकार की गई भारत की सबसे विविध और प्रामाणिक रैंकिंग है।

## स्कूलों का सतत निरीक्षण, अनुपस्थित शिक्षक एवं कर्मचारियों पर करें कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने ने सभी स्कूलों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति रिपोर्ट प्रतिदिन दोपहर 12 बजे तक जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए। सीईओ श्री यादव ने सभी स्कूलों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों की साप्ताहिक परीक्षा लेने तथा परिणाम के रिकार्ड हर स्कूल को संधारित करने के निर्देश दिए। जिससे प्राप्त परिणाम के आधार पर विकासखण्ड की रैंकिंग की जाएगी। इस दौरान उन्होंने जिलाए ब्लाक एवं संकुल स्तर के अधिकारियों को अपने अधीनस्थ स्कूलों में सतत निरीक्षण करने एवं अनुपस्थित कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।

■ शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति की नियमित निगरानी के निर्देश

सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु समीक्षा की। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अनुशंसित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। सत्र 2024-25 में 35 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को पूर्ण साक्षर किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अतिरिक्त वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजिटल, पर्यावरण एवं मतदान साक्षरता के साथ ही आपदा प्रबंधन, वाणिज्य कौशल, स्वास्थ्य जागरूकता, परिवार कल्याण, व्यवसायिक कौशल विकास आदि पर भी साक्षरता प्रदान करना है।



उन्होंने कहा कि 200 घंटे अध्यापन के पश्चात आगामी सितम्बर व मार्च में आयोजित होने वाले एफएल नेट परीक्षा के माध्यम से शिक्षार्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा एवं सफल शिक्षार्थियों को प्रमाण.पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम अंतर्गत नवसाक्षरों को समतुल्यता कार्यक्रम के माध्यम से प्रारंभिक स्तर, मध्य स्तर और माध्यमिक स्तर की समतुल्यता प्रदान करना है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, डाइट प्राचार्य, एपीसी समग्र शिक्षा, समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लाक नोडल अधिकारी, समस्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक शामिल रहे।

### सेवा में कमी, उपभोक्ता को 56 हजार का क्लेम देंगी बीमा कंपनी

**रायगढ़।** चोला मंडलम इंश्योरेंस कंपनी द्वारा सेवा में कमी किया जाना पाये जाने पर उपभोक्ता फोरम ने परिवादी को बीमा की राशि 56 हजार 9 सौ रूपए देने के लिए चोलामंडलम कंपनी को आदेशित किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ के जंगड़ा सिसरिंगा निवासी दिलीप लकड़ा ने अपनी एसएफ डीलक्स मोटरसायकिल का एक वर्ष का बीमा चोला मंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी से कराया था। बीमा पालिसी की अवधि 16 जनवरी 2021 से 15 जनवरी 2022 तक थी। उक्त बाईक की वेल्यू कंपनी ने 56 हजार 9 सौ रूपए निर्धारित की थी। दिलीप 2 जून 2021 को मोटरसायकिल से गांव के नाले में नहाने गया था जहां विनोद पन्ना ने बाईक से निकाल कर पेट्रोल देने की मांग करने पर उनके बीच विवाद हो गया था। वहीं तैश में आकर विनोद ने बाईक को जला दिया था। इस पर दिलीप ने दीपक के विरूद्ध रैरूमा खुर्द चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 435 के तहत जुर्म दर्ज किया था। वहीं दिलीप लकड़ा ने चोला मंडलम के रायगढ़ कार्यालय में इसकी सूचना देते हुए आवश्यक दस्तावेजों के साथ क्लेम फार्म भरकर जमा किया था।

## पालकों ने लैपटॉप और चांदी का सिक्का भेंट कर किया शिक्षक का सम्मान

**कुड़ेकेला।** विकासखंड घरघोड़ा के घने वनांचलो के बीच स्थित ग्राम भेंगारी में इस वर्ष पढ़ रहे समस्त पढ़ रहे छात्रों के पालक गण द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह सह छात्र पालक सम्मेलन का कार्यक्रम 30 जून को रखा गया। जिसमें जिले के श्रेष्ठ नवाचारी शिक्षक जिन्होंने अपने नवाचार के माध्यम से छात्रों को पढ़ने पढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। ऐसे नवाचारी शिक्षक शिक्षक टिकेश्वर पटेल के साथ उनके परिवार जनों कभी सम्मान किया गया।

वर्तमान में शिक्षक टिकेश्वर पटेल विकासखंड घरघोड़ा के शासकीय प्राथमिक शाला नवापारा टेंडा में शिक्षक के रूप में पदस्थ है। बता दे शिक्षक पटेल पिछले 13 वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा जैसे नवोदय विद्यालय सैनिक स्कूल एकलव्य स्कूल जवाहर उत्कर्ष की तैयारी करते आ रहे हैं। यह पिछले 13 वर्षों से निशुल्क कोचिंग का अवसर दे रहे हैं। इस वर्ष 2023-24 में नवोदय विद्यालय में नौ छात्र-छात्राओं का चयन, सैनिक स्कूल में 6 छात्रों का चयन एवं जवाहर उत्कर्ष में इस सरकारी विद्यालय के छात्र ने जिले में टॉप कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पिछले 13 वर्षों में 93 छात्र-छात्राओं का नवोदय विद्यालय में चयनए सैनिक स्कूल में 16 छात्र छात्राओं का चयन एकलव्य में 31 छात्र छात्राओं का चयन तथा जवाहर उत्कर्ष में 7 छात्र-छात्राओं का चयन होकर एक नई मंजिल की ओर अग्रसर हुए हैं। उनके इस उत्कृष्ट कार्यों के लिए आज 30 जून रविवार को सम्मान समारोह एवं छात्र पालक सम्मेलन में शिक्षक पटेल एवं उनके परिवार जनों का सम्मान किया गया है। इसमें मुख्य रूप से शिक्षक टिकेश्वर पटेल पत्नी बबली पटेल पिता भूपदेव सिंह पटेल माता करमेती बाई पटेल, भैया अनूप पटेल एवम ममता पटेल सहित जगत राम गुप्ता एवम छात्र इंद्रजीत पटेल पिता रिखी राम पटेल कृष्णा पटेल, नैमिष राठिया पिता स्व.अशोक राठिया शकुंतला राठिया, ईशान गुप्ता पिता मनोरंजन गुप्ता सुदेशना गुप्ता, दीपिका राठिया या प्रेम सिंह राठिया, अंकित खूंटे पिता राजू खूंटे लवंगलता खूंटे, कोमल प्रधान पिता हरिशंकर प्रधान, देव गवेल पिता शिव प्रसाद गबेल कमला गबेल एवम नागरिकों सहित अन्य लोग उपस्थित थे। शिक्षक टिकेश्वर पटेल ने ग्राम एवं क्षेत्र के बच्चों को सेवा देते हुए अपनी निशुल्क कोचिंग संस्थान आदर्श एकेडमी के माध्यम से सेवा कर रहे हैं। अंत में उपस्थित सभी पालक गणों की ओर से शिक्षक द्वय राजू लवंलता द्वारा कहा कि उनके उत्कृष्ट शिक्षा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज बड़े गौरवपूर्ण का दिन है कि आज यही शिक्षक के कारण मैं अपने तीनों बच्चों को नवोदय विद्यालय जैसे उत्कृष्ट संस्थान में चयन हुआ है। इस प्रकार सभी पालकों द्वारा शिक्षक टिकेश्वर पटेल को लेपटॉप दिया गया ।





## रामपुर-गोवर्धनपुर मार्ग का मरम्मत कार्य जारी

**रायगढ़।** कलेक्टर के निर्देश पर रामपुर गोवर्धनपुर मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़को के गड्ढों का नियमित भराव कर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है। एसडीओ पीडब्ल्यूडी मुरारी सिंह नायक ने बताया कि पिछले तीन दिनों से लगातार सड़क मरम्मत हेतु गड्ढों में स्लैग का भराव किया गया है। नीचे बड़े स्लैग डालकर सड़क को समतल किया जा रहा है। गड्ढों से पानी निकासी की व्यवस्था भी की जा रही है। जिससे सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने बताया कि यह मरम्मत का कार्य लगातार जारी रहेगा, ताकि भारी वाहनों की आवाजाही बाधित न हो। उल्लेखनीय है कि रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों की आवाजाही होती है। इससे इस मार्ग में बारिश के दौरान गड्ढे में वाहनों के फसने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग रही थी। जिसके कारण पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नियमित रूप से गड्ढों का भराव कर रहे हैए जिससे वर्तमान में भारी वाहनों का सुचारू आवागमन जारी है।



## जामुन खरीदी के लक्ष्य से पिछड़ा वनोपज संघ

**रायगढ़।** जिले में लघु वनोपज शाखा को 500 क्विंटल जामुन खरीदने का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन 100 क्विंटल खरीदी भी नहीं की जा सकी है। इसका कारण बताया जा रहा है कि व्यापारी ज्यादा दर पर जामुन की खरीदी कर रहे थे। शासन की ओर से जो रेट निर्धारित है वह 2,223 रुपए क्विंटल था। ग्रामीणों को यह रेट कम लगा। ऐसे में शुरू से ही ग्रामीण व्यापारियों के पास सीधे जामुन की बिक्री कर रहे थे।



रायगढ़ वन मंडल में जामुन सभी जगह नहीं पाई जातीए लेकिन खरसिया और घरघोड़ा रेंज में इसकी पैदावार है। ऐसे में खरसिया के केवाली, जोबी, बर्रा, खम्हार, खडग़ांव से जामुन खरीदी की गई। वहीं घरघोड़ा रेंज में इस बार ज्यादा जामुन नहीं हुई। इस संबंध में रायगढ़ लघु वनोपज सहकारी संघ के उप प्रबंध संचालक आरके सिसोदिया ने बताया कि मौसम का विपरित असर होने के कारण जामुन का इस बार ज्यादा उत्पादन नहीं था। इसके अलावा व्यापारी भी ज्यादा रेट में जामुन ले रहे थे। शासन से 500 क्विंटल का लक्ष्य मिला था 90 से 92 क्विंटल खरीदी हो सकी। बताया जा रहा है कि जामुन की खरीदी कर इसे रायपुर के जामगांव प्रोसेसिंग सेंटर में सुरक्षित रखवाया गया है। ताकि आगामी दिनों इनका जूस और अन्य तरीके से उत्पाद तैयार कर मार्ट, संजीवनी और हर्बल केंद्र के माध्यम से बिक्री की जा सके। लेकन रायगढ़ जिले को दिया गया खरीदी लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। जैसे ही जामुन या अन्य वनोपज का सीजन आता है व्यापारी सक्रिय हो जाते हैं। ग्रामीण जब इसे संपर्क करते हैं। शासन के निर्धारित दर से ज्यादा में इनसे खरीदी कर ली जाती है। बताया जा रहा है कि व्यापारी 50 से 40 रुपए किलो में ग्रामीणों से जामुन खरीदी कर रहे थे।



## रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने उर्दना और पॉलिटेक्निक कॉलेज में किया पौधरोपण

**रायगढ़।** पर्यावरण स्थिरता और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने कल रायगढ़ के शासकीय माध्यमिक शाला उर्दना और पॉलिटेक्निक कॉलेज में पौधरोपण किया गया। यह पहल फाउंडेशन के चल रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान का हिस्सा हैए जिसका उद्देश्य समुदाय को पर्यावरण की रक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने पौधे लगाने और इस नेक काम के लिए अपना समर्थन देने का संकल्प लिया। फाउंडेशन की टीम ने अपने अध्यक्ष सुनील रामदास के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन से निपटने, वायु गुणवत्ता में सुधार और जैव विविधता को संरक्षित करने में पौधरोपण के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर छात्रों को पेड़ों के लाभों के बारे में शिक्षित किया गया, जिसमें ऑक्सीजन का उत्पादन, वन्यजीवों का जीवन में उपयोगिता और मिट्टी के कटाव को रोकने में उनकी भूमिका शामिल है। उन्हें पौधों का स्वामित्व लेने और उनकी उचित देखभाल और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक पौधे लगाए गए, जिनमें फलदार और औषधीय पौधे शामिल हैं, जो विभिन्न प्रजातियों के लिए छाया, भोजन और आवास प्रदान करेंगे।

## रथ यात्रा और मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**रायगढ़।** पुलिस नियंत्रण कक्ष रायगढ़ में नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला एवं एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी द्वारा रथ यात्रा और मोहर्रम पर्व को लेकर रथ यात्रा समिति एवं शहर के मुस्लिम समुदाय प्रमुखों के साथ शांति समिति की बैठक ली गई। विदित हो कि जिले में 07 और 08 जुलाई को रथ यात्रा पर्व मनाया जावेगा जिसे लेकर कल एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल द्वारा रथ यात्रा समिति के लोगों के साथ मिलकर रथ यात्रा के रूट का निरीक्षण किया गया। शांति समिति बैठक में रथ यात्रा समिति द्वारा जानकारी दी गई कि 07 जुलाई को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को समलाई मंदिर से उनके रथ में बिठाया जाएगा। रथ मंदिर के बाहर मोतीमहल परिसर में खड़ी रहेगी। यहां दर्शनार्थी दर्शन कर सकेंगे और शाम को मंदिर परिसर में मेला लगेगी। दूसरे दिन 08 जुलाई को रथ नगर भ्रमण करेगी। समिति द्वारा रथ यात्रा के रूट में खड़े चार पहिया वाहन, मकान निर्माण सामाग्री इत्यादि को हटा लेने तथा बिजली तारों को व्यवस्थित करने कहा गया। अधिकारियों ने रथ यात्रा के पूर्व रूट को क्लीयर करा लेना बताए तथा रथ यात्रा के दिन कई मार्गों को डाइवर्ट और वन वे करने की जानकारी दिये। वहीं अधिकारियों ने मुस्लिम समुदाय से मोहर्रम पर्व पर निकाले जाने वाले मातमी जुलूस ताज़िया और अखाड़े की जानकारी लिया गया। समाज प्रमुखों ने 17 जुलाई को चांदनी चौक, मोमिनपुरा, तुर्कापारा, इंदिरानगर, फटहामुड़ा, मधुबन पारा, प्रेमनगर, जूटमिल व कई वार्ड से दोपहर के नमाज अदा बाद ताज़िया और अखाड़ा शहर के प्रमुख मार्गों में निकाले जाने की जानकारी दिए।


ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146